2 फरीदाबाद
लापरवाही : अवैध तरीके से भूजल का दोहन करने वालों के सामने सब बेबस

6 अभिमत
पूना समझौते पर पुनः विचार

9 देश-विदेश
राकांपा विधायकों की कोई बैठक नहीं बुलाई: शरद पवार

11 फीचर
अदरक-नींबू की चाय के अनेक फायदे और नुकसान

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 73
फरीदाबाद, बुधवार, 19 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए You Tube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



लखनऊ को करना होगा राजस्थान की चुनौती का सामना

पेज - 12

# अकादमिक परिषद के सदस्य बने कृष्णकान्त



**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। डॉ. कान्त का कार्यकाल दो वर्ष के लिए रहेगा। प्राचार्य की इस उपलब्धि पर अग्रवाल महाविद्यालय की प्रबंध समिति के प्रधान देवेन्द्र कुमार गुप्ता, उप-प्रधान वासुदेव गुप्ता, सचिव विनोद मित्तल व कोषाध्यक्ष प्रवीण मित्तल व कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके साथ महाविद्यालय के शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने भी प्राचार्य महोदय की इस विशेष उपलब्धि पर बधाई दी।